श्री बंशीधर नगर, मंगलवार
11.03.2025
फाल्गुन शुक्लपक्ष द्वादशी संवत 2081
वर्ष : 03, अंक : 194

# बंशीधर न्यूज

कलम है, तो आवाज़ बुलंद है...



**सूर्योदय-सूर्यास्त**
उदय - 06:08 बजे
अस्त - 06:03 बजे

**तापमान**
अधिकतम : 33 डिग्री से.
न्यूनतम : 16 डिग्री से.

डिजिटल अखबार | www.banshidharnews.com | सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं होली >> पेज 03 | काजोल की नई फिल्म 'मां' का ऐलान >> पेज 04

### सुविचार

अपना ख्याल रखना बहुत जरूरी है, क्योंकि आप जैसा इंसान इस दुनिया में दोबारा नहीं आयेगा

### न्यूज अपडेट्स

### झारखंड के दक्षिणी जिलों में छाएंगे बादल

**रांची।** झारखंड के दक्षिणी जिलों में आंशिक बादल छाए रहेंगे, जबकि राज्य के अन्य जिलों में मौसम साफ रहेगा। राज्य के पूर्वी सिंहभूम, पश्चिमी सिंहभूम, सिमडेगा और सरायकेला-खरसावां में बादल छाए रहेंगे। यह जानकारी मौसम विभाग की ओर से सोमवार को दी गई है। वहीं राजधानी रांची सहित अधिकांश जिलों में तापमान धीरे-धीरे वृद्धि हो रही। स्थिति है कि सरायकेला में तापमान 37 डिग्री को पर हो गया है। इसके अलावा कई जिलों में तापमान 35 डिग्री या इसके आसपास पहुंच गया है। मौसम विभाग ने इस माह के अंत तक राज्य भर में तापमान में चार-पांच डिग्री की बढोत्तरी होने की आशंका जता चुका है। सोमवार को रांची में अधिकतम तापमान 31.6 डिग्री, जमशेदपुर में 34.9, डालटेनगंज में 34.9 और बोकारो में अधिकतम तापमान 34.1 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

### सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत

**दुमका।** जिले के दो अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत हो गई। पहली सड़क दुर्घटना में मामा-भांजा की मौत हो गई है। वहीं दूसरी ओर मौसेरे भाई की शादी से लौट रहे बाइक सवार को ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। जिसमें घटनास्थल पर ही उसकी मौत हो गई। पहली घटना जिला के रामगढ़ थाना क्षेत्र के फुलजोरी गांव के पास घटी। जहां ऑटो रिक्शा और बाइक की टक्कर में दो युवकों की मौत हो गई।

## दर्दनाक : गोदरमाना में पटाखा दुकान में लगी भीषण आग, दो सगे भाइयों व एक महिला की भी मौत

# पांच लोग जिंदा जले

### रंका में होली का रंग पड़ा फीका

बंशीधर न्यूज

**गढ़वा :** गढ़वा में बड़ा हादसा हो गया। जिला मुख्यालय से 50 किलोमीटर दूर गढ़वा एवं छत्तीसगढ़ की सीमा पर स्थित रंका थाना क्षेत्र के गोदरमाना बाजार में पटाखे की एक दुकान में सोमवार को अचानक भीषण आग लग गई। इस घटना में दुकानदार एवं दो सगे मासूम भाईयों सहित पांच की मौत हो गई। इस घटना से गोदरमाना में होली का रंग फीका पड़ गया। मृतकों में दुकानदार कुश गुप्ता सहित विनोद केशरी का 32 वर्षीय पुत्र अमित केशरी, विकास केशरी के दो पुत्र नौ वर्षीय श्रेयांश एवं 7 वर्षीय प्रियांशु केशरी तथा 14 वषीर्या सुशीला केरकेट्टा के नाम शामिल हैं।



जानकारी के अनुसार गोदरमाना बाजार स्थित झारखंड राज्य ग्रामीण बैंक के सामने कुश गुप्ता नामक एक दुकानदार दुकान से बाहर चौकी पर रखकर पटाखा बेच रहा था। इसी दौरान पटाखा खरीद रहे कुछ बच्चे पटाखे की असली और नकली चेक करने के लिये दुकान के बाहर पटाखा फोड़ने लगे। इसी दौरान अचानक चिंगारी से दुकान में रखी पटाखे में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया। दुकान में भारी मात्रा में पटाखा होने के कारण आग तेजी से फैल गई। वहां मौजूद सभी लोग शटर वाले दुकान के अंदर घुस गये और बाहर नहीं निकल पाये। जिस कारण पटाखे की गैस से दम घुटने से सभी की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही रंका पुलिस और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। हालांकि तब तक दुकान पूरी तरह जल चुका था। दुकान के बाहर खड़ी एक बाईक भी बुरी तरह जल गई। सूचना मिलते ही एसपी दीपक कुमार पांडेय एवं सदर एसडीओ संजय कुमार पांडेय घटनास्थल पर पहुंच कर जांच में जुट गये। एसपी श्री पांडेय ने कहा कि लगभग 1:45 बजे दोपहर में एक दुकान के बाहर लगी पटाखे की दुकान में आग लग गई। जिसके कारण उपस्थित सभी लोग दुकान के अंदर चले गये और नहीं निकलने पर दीवार तोड़कर लोगों आसपास के लोगों द्वारा बेहोशी की हालात में उन्हें बाहर निकाला गया। निकटवर्ती छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज अस्पताल में ले गये जहां पर चिकित्सकों ने सभी को मृत घोषित कर दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। आग लगने की असली कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## दुकानदार को पटाखा जला कर दिखाना पड़ा भारी





**गढ़वा।** गढ़वा के रंका के गोदरमाना ग्रामीण बैंक के सामने पटाखा व्यवसायी कुश कुमार गुप्ता को पटाखा जलाकर दिखाना भारी पड़ गया। पड़ोस के दो बच्चे नमन कुमार केसरी और भोला केसरी को पटाखा जलाकर दिखा रहा था। इसी क्रम में पटाखे की दुकान में आग लग गई। चारों तरफ पटाखे फूटने लगे। दुकानदार अपने साथ दो बच्चे, एक कर्मी एवं एक ग्राहक अजीत कुमार केसरी को लेकर अपने पास के बगल वाले गोदाम की दुकान में चला गया और शटर बंद कर दिया, ताकि आग की लपटें दुकान के अंदर तक ना जा सके, लेकिन दुर्भाग्यवश शटर का कुछ भाग खुला रह गया। धुंआ भरने लगा। लोग जान बचाने के लिए भागने लगे। इसी बीच कुछ उत्साही युवक मोटरसाइकिल मिस्त्री असलम रजा,पंकज सोनोग्राफी, संजय गुप्ता, बिट्टू केसरी , गिरधारी राम, दिनेश गुप्ता, मेंडेस गुप्ता, अनील गुप्ता, सुनील राम, विजय गुप्ता ,विक्की गुप्ता, सोनू गुप्ता और यहां के मुखिया प्रतिनिधि शंभू प्रसाद गुप्ता, पूर्व मुखिया मिथिलेश कुमार यादव अशोक गुप्ता आदि ने आग पर काबू पाने के लिए आसपास के लोगों को मोटिवेट किया तथा बुझाने के लिए भरपूर प्रयास किया। लोगों को यह पता नहीं था कि जिस दुकान में आग लगी है उसके अंदर में कुछ लोग छुपे हुए हैं। जब जानकारी हुई तो जेसीबी के सहयोग से दीवार तोड़कर सभी पांचो को बाहर निकाला। लेकिन उम्मीद लगाए लोगों ने पास के छत्तीसगढ़ राज्य के अस्पताल में सभी को भर्ती कराया, जहां पर प्राथमिक उपचार के क्रम में चिकित्सकों ने पांचो को दम घुटने से मौत हो जाने की जानकारी दी।

### इनकी हुई मौत

मृतकों में कुश कुमार गुप्ता दुकानदार, भंडरिया थाना क्षेत्र के मर्दा ग्राम निवासी ग्राहक अजीत कुमार केसरी, रंका थाना क्षेत्र के बुढ़ापलास ग्राम निवासी दुकान में काम करने वाली सुशीला करकेटा तथा पड़ोस के नमन केसरी (9) और भोला केशरी (8) बताए गए हैं, जबकि दुकान के सामने लगी हुई एक मोटरसाइकिल सीजी 15 डीजे 5467 आग में जलकर पूरी तरह से स्वाहा हो गया है। बाइक रंका थाना क्षेत्र के बेलवादामर ग्राम निवासी अनिल कुमार ठाकुर की थी।

### जांच के लिए पहुंचे एसपी

घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार पांडेय, रंका के अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार पांडेय , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रोहित रंजन सिंह, पुलिस निरीक्षक सुभाष पासवान मौके पर पहुंचे। एसपी ने जानकारी देते हुए बताया कि पांचो की पटाखे में आग लगने के कारण दम घुटने से मौत हुई है। ग्रॉसरी की दुकान में पटाखे बेचे जा रहे थे। पटाखे खरीदने के लिए बच्चे वहां पहुंचे थे। अचानक पटाखे में आग लगने के बाद बच्चे और लोग दुकान का शटर बंद कर अंदर छुप गए थे। दुकान में वेंटिलेटर नहीं था। आग जब लगी तो धुंआ दुकान के अंदर घुसा और दम घुटने से सारे लोग बेहोश हो गए। काफी देर बाद आसपास के लोगों को दुकान के अंदर बच्चे और लोगों के रहने की जानकारी हुई तो उन्होंने दीवार काटकर सभी को बाहर निकाला। उन्हें छत्तीसगढ़ के रामानुजगंज अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि सरकारी प्रावधान के तहत मुआवजा दिया जाएगा। उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर जांच के लिए पहुंचे हैं। घटनास्थल पर पुलिस जवानों की तैनाती की गई है। इस घटना से बाजार क्षेत्र में दहशत का माहौल है। वहीं घटना को लेकर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने भी जिला प्रशासन को जांच का निर्देश दिया है।

## रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन को सीने में दर्द की शिकायत, रिम्स भेजे गये

**रांची।** रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की तबीयत सोमवार को अचानक बिगड़ गयी। जेल में ही उनके सीने में दर्द उठ गया। जेल के डॉक्टरों ने उनकी जांच की, जिसके बाद उन्हें बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया। पूर्व डीसी का इलाज रिम्स के कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. हेमंत नारायण की देखरेख में चल रहा है। उनको रिम्स में भर्ती कर लिया गया है। उनके कई



टेस्ट कराये गये है। उल्लेखनीय है कि रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन जमीन घोटला से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जेल में बंद हैं। उन्हें ईडी ने गिरफ्तार किया था। छवि रंजन के खिलाफ जमीन से जुड़े दो मामले चल रहे हैं। रांची के बरियातू थाना क्षेत्र स्थित चेशायर होम रोड स्थित जमीन मामले में झारखंड हाई कोर्ट से छवि रंजन को जमानत मिल चुकी है।

## दो हाईवा व एक पोकलेन फूंका

**मेदिनीनगर।** पलामू जिले के हरिहरगंज थाना क्षेत्र में अज्ञात अपराधियों ने दो हाईवा और एक पोकलेन में आग लगा दी। घटना जगदीशपुर में हुई। हाइवा और पोकलेन सड़क निर्माण कार्य में लगे हुए थे। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और इलाके में सर्च ऑपरेशन चला रही है। घटना सोमवार रात की है। जानकारी के अनुसार सात से आठ की संख्या में आए अपराधियों ने जगदीशपुर प्राथमिक विद्यालय के पास लगाए गए एक पोकलेन,दो हाइवा में आग लगा दी। तीनों वाहन सड़क निर्माण कार्य में लगे हुए थे। आग लगाने से पहले हाइवा और पोकलेन में मौजूद मजदूरों को धमकाया और उन्हें वहां से हटाकर आग लगा दी गई। तीनों वाहन हरिहरगंज के तेंदुआ से कुल्हिया इलाके तक चल रहे सड़क निर्माण कार्य में लगे थे। आगजनी की घटना को अंजाम देने के बाद सभी लोग फरार हो गए है। हरिहरगंज के पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने मंगलवार सुबह घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि पता लगाया जा रहा है कि घटना के पीछे किनका हाथ है। पूरे इलाके में सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। पुलिस मामले के सभी एंगल पर जांच कर रही है। पुलिस बल घटनास्थल पर कैंप कर रही है।

## झारखंड में एयर एंबुलेंस सेवा बनी जीवन रक्षक

# अब तक झारखंड के 94 मरीजों की मदद

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में शुरू की गई एयर एंबुलेंस सेवा गंभीर बीमारियों से जूझ रहे मरीजों के लिए वरदान साबित हो रही है। अब तक 94 मरीजों को झारखंड से एयरलिफ्ट कर दूसरे राज्यों के प्रमुख अस्पतालों में पहुंचाया जा चुका है। इनमें से 78 मरीज रांची से और 11 अन्य जिलों से थे। एयर एंबुलेंस के जरिए त्वरित और सहजभाव से मरीजों को दूसरे राज्यों में इलाज का लाभ मिल रहा है। तभी तो बीते समय में आम लोगों के



साथ-साथ गणमान्य लोगों को भी एयर एंबुलेंस की सेवा प्रदान की गई है। इसके अतिरिक्त विधानसभा चुनाव कार्य के दौरान गंभीर रूप से घायल झारखंड पुलिस बल के कई जवानों को भी ससमय उच्चतर चिकित्सीय सेवा के लिए एयर एंबुलेंस से एयरलिफ्ट कराकर उच्चस्तरीय मेडिकल सेंटर में शिफ्ट कराया जा चुका है। राज्य के आम और खास हर वर्ग के मरीजों के परिजन नगर विमान विभाग की ओर से संचालित +918210594073 मोबाइल नंबर पर फोन कर एयर एंबुलेंस की सेवा संबंधी जानकारियां 24 घंटे किसी भी समय ले सकते हैं। जानकारी के अनुसार झारखंड के बाहर अन्य गंतव्य स्थानों पर मरीजों को ले जाने पर संबंधित व्यक्ति को आवश्यकता पड़ने पर 55,000 प्रति उड़ान घंटे के दर पर एयर एंबुलेंस की सुविधा दी जाती है।

### यह है निर्धारित रूट और दर

रांची-दिल्ली 3.3 लाख
रांची-मुंबई 4.4 लाख
रांची-चेन्नई 3.85 लाख
रांची-कोलकाता1.10 लाख
रांची-हैदराबाद 3.02 लाख
रांची-वाराणसी 1.37 लाख
रांची-लखनऊ 2.20 लाख
रांची-तिरुपति 3.85 लाख

तत्काल नागर विमान प्रभाग की ओर से एयर एंबुलेंस सेवा के लिए फिक्स्ड विंग एयरक्राफ्ट सी-90 की सुविधा उपलब्ध है। इसके माध्यम से एक मरीज तथा दो परिजनों को एक साथ एयर एम्बुलेंस से अन्य राज्य में चिकित्सा के लिए ले जाया जा सकता है।

### पीएलएफआई नक्सली गिरफ्तार

**लातेहार।** जिले के मनिका थाना क्षेत्र में पुलिस ने पीएलएफआई के नक्सली विनोद परहिया उर्फ अर्जुन को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार नक्सली पलामू जिले के पांकी थाना क्षेत्र का रहने वाला है। इसके खिलाफ विभिन्न थाना क्षेत्र में आठ से अधिक मामले दर्ज हैं। सोमवार को प्रेस वार्ता करते हुए एसपी कुमार गौरव ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि उग्रवादी विनोद उर्फ अर्जुन मनिका थाना क्षेत्र में किसी घटना को अंजाम देने के लिए भ्रमणशील है। सूचना के बाद पुलिस की एक टीम गठित की गई और नक्सली की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई। उन्होंने बताया कि पुलिस को देखकर नक्सली भागने लगा, परंतु पुलिस ने उसे पकड़ लिया।

# विधायक प्रतिनिधि विवेकानंद तिवारी ने फीता काटकर अपने चेंबर का किया उद्घाटन




बंशीधर न्यूज

**मेराल :** प्रखंड कार्यालय के निचले तल्ला में नामित जनप्रतिनिधि कक्ष में सोमवार को विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के जिला प्रतिनिधि विवेकानंद उर्फ रिंकू तिवारी एवं मेराल प्रखंड के प्रतिनिधि डॉ लालमोहन ने संयुक्त रूप से फीता काटकर अपने चेंबर का उद्घाटन किया। उद्घाटन के बाद दोनों प्रतिनिधियों ने कार्यकताओं के साथ बैठक किया तथा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी के संकल्पों को दुहराते हुये कार्यकताओं को जनहित तथा आमजनों के कार्यों में सहयोग करने की बात कही। मौके पर श्री तिवारी ने कहा कि गढ़वा विधायक सत्येंद्र नाथ तिवारी फिलवक्त विधानसभा सत्र में भाग लेने के लिये रांची में है, उनके निर्देश पर प्रखंड कार्यालय के भवन में विधायक प्रतिनिधि के चेंबर का उद्घाटन किया गया। ताकि प्रखंड के विभिन्न गांव से प्रखंड कार्यालय आने वाले कार्यकर्ता तथा आमजनों के सहयोग के लिये विधायक प्रतिनिधि बैठकर उनके कार्यों में सहयोग कर सके। वहीं प्रखंड प्रतिनिधि डॉ लालमोहन ने कहा कि विधायक एवं कार्यकताओं तथा आमजनों के बीच का कड़ी बनकर विधायक के स्तर के कार्यों को कराने तथा उन तक पहुंचाने में सहयोग करूंगा। उद्घाटन के अवसर पर किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष उदय मेहता, हरेंद्र कुमार द्विवेदी, रुपू महतो, मनोज जायसवाल, रवींद्र प्रसाद वर्मा, प्रदीप पासवान, रामाकांत गुप्ता, अमित कुमार, अभय कुमार, विजय प्रसाद, चंद्रमणि पाठक, धनंजय शर्मा, दिलीप मेहता, लक्ष्मी पांडेय, शंकर यादव, राधेश्याम यादव, वीरेंद्र चौधरी सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

## न्यूज अपडेट्स

### अनुसेवकों की बर्खास्तगी का मामला विस में

**मेदिनीनगर :** पांकी के विधायक शशिभूषण मेहता ने विधानसभा में शून्यकाल के दौरान पलामू में कार्यरत 255 चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों की बर्खास्तगी का मामला उठाया। उन्होंने सदन में कहा कि वर्ष 2018 में पलामू सहित पूरे झारखंड राज्य में चतुर्थवर्गीय कर्मियों की जिला चयन समिति द्वारा नियुक्ति हुई थी। इससे जुड़े विज्ञापन को देश के सर्वोच्च न्यायालय द्वारा पारदर्शिता की कमी बताकर रद्द कर दिया गया। इसके चलते पलामू जिले में कार्यरत 255 अनुसेवकों को बर्खास्त कर दिया गया है। जिससे राज्य के अन्य जिलों में भी यही समस्या उत्पन्न हो सकती है। उन्होंने कहा कि पिछले 8 वर्षों से सेवा दे रहे कई कर्मियों की आयु सीमा समाप्त हो गई, जिससे वे अन्य विभागों में नियुक्ति के पात्र नहीं रह गये। उन्होंने सरकार से अपील की है कि इन कर्मियों की सेवाओं पर सहानुभूतिपूर्वक विचार करते हुये पुनः नियुक्ति की जाये।

### बीडीओ ने प्राविका किया औचक निरीक्षण

**कांडी :** बीडीओ राकेश सहाय ने सोमवार को प्राविशिवरी का औचक निरीक्षण किया। जांच के क्रम में सहायक अध्यापक सुदीप पाल उपस्थित थे। नामांकित 90 बच्चों में 70 बच्चे उपस्थित थे। बीडीओ ने मध्याह्न भोजन की जांच के क्रम में मेनू के अनुसार चावल, दाल, सब्जी व अंडा पाया। बीडीओ ने कहा कि इस स्कूल में उत्कृष्ट नमूना देखने को मिला। उन्होंने प्रखण्ड के सभी स्कूलों में मध्याह्न भोजन योजना को इसी मानदंड के अनुसार संचालित किये जाने की जरूरत बताया। बीडीओ ने सभी स्कूल संचालकों से अपील करते हुये कहा है कि बच्चों के हक से कोई समझौता नहीं करें। जांच में पकड़े जाने पर कठोर कार्रवाई के लिये तैयार रहें।

## रमना ▶ सर्राफा स्वर्णकार संघ से मिले पूर्व विधायक भानू

# पीड़ित व्यवसायी को दी सांत्वना

बंशीधर न्यूज



**रमना :** रमना में आभूषण सह बर्तन दुकान में पिछले दिनों हुई 40 लाख रुपये के आभूषण व नगदी की चोरी की घटना का पिछले पांच दिनों बाद भी खुलासा नहीं होने से पीड़ित दुकानदार सहित व्यापारी वर्ग में पुलिस प्रशासन के खिलाफ आक्रोश बढ़ने लगा है। पूर्व विधायक भानू प्रताप शाही ने कहा की प्रदेश में अपराध और अपराधी लोग सर चढ़ के बोल रहे हैं। भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के श्री बंशीधर नगर और रमना में आभूषण दुकान में चोरी की घटना का खुलासा नहीं होना सरकार और प्रशासन की विफलता है। श्री शाही सोमवार को रमना में चोरी की घटना से पीड़ित स्वजनों से मुलाकात कर घटना की जानकारी ले रहे थे। इस दौरान सरार्फा स्वर्णकार संघ के पदाधिकारी व सदस्यों ने श्री शाही से मुलाकात कर घटना का खुलासा और अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग की। सरार्फा स्वर्णकार संघ ने कहा कि रमना में आभूषण व बर्तन दुकान हमेशा अपराधियों के निशाने पर रहा है। घटना का खुलासा और अपराधियों की गिरफ्तारी जरूरी है। श्री शाही ने पीड़ित दुकानदार विकास कुमार सोनी को सांत्वना देते हुये कहा कि इस मामले का खुलासा के लिये अगर संघर्ष भी करना पड़े तो पीछे नहीं हटा जायेगा। मौके पर श्री शाही ने रमना थाना प्रभारी आकाश कुमार से फोन पर बात करते हुये मामले का जल्द खुलासा करते हुये व्यवसायी एवं व्यापारी वर्ग को सुरक्षा देने की बात कही। ताकि भयमुक्त होकर लोग अपना व्यवसाय चला सकें। उन्होंने कहा कि अगर मामले का जल्द खुलासा नहीं होता है तो वे गढ़वा एसपी दीपक कुमार पांडेय एवं डीजीपी से मुलाकात कर घटना का खुलासा करते हुये अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग करेंगे। इसके अलावे कानून व्यवस्था की लचर हालत को लेकर विधानसभा में भी मामला उठवाया जायेगा। उस मौके पीड़ित दुकानदार के स्वजनों के अलावे सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, मंडल अध्यक्ष बलजीत कुमार सोनी, सरार्फा स्वर्णकार संघ के अध्यक्ष रंजीत सोनी, धनंजय सोनी, द्वारिका सोनी, सोनू सोनी, वसंत सोनी, त्रिपुरी सोनी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## मनरेगा की योजना समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा

बंशीधर न्यूज



**कांडी :** प्रखण्ड कार्यालय के सभागार में सोमवार को मनरेगा लोकपाल सुशील तिवारी ने मनरेगा योजना समेत अन्य योजनाओं की समीक्षा की। समीक्षा के दौरान अबुआ आवास के लाभुकों को शत प्रतिशत भुगतान करने, कूप निर्माण के जिस योजना भुगतान शून्य है उसको प्राथमिकता के साथ पूरा करने, सामाजिक अंकेक्षण के दौरान प्राप्त शिकायतों का निष्पादन करते हुये एमआई करने आदि का निर्देश दिया। साथ ही खेल मैदान निर्माण में शिथिलता बरतने वाले रोजगार सेवकों को कड़ी फटकार लगाते हुये कार्य को यथाशीघ्र पूरा करने का निर्देश दिया। इससे पूर्व मनरेगा लोकपाल व बीपीओ ने हरिहरपुर पंचायत में संचालित आम बागवानी योजना का स्थल निरीक्षण किया। मौके पर उन्होंने कहा कि एक एकड़ से ऊपर की योजना में जलकुंड व सीपीटी का निर्माण कराने का निर्देश दिया गया। दो दिनों के अंतराल पर पौधों में पानी डलवाने। साथ ही योजना का जो बोर्ड लगा हुआ है उसमें संबंधित योजना का नाम, लोकपाल का नाम और लोकपाल का फोन नम्बर अंकित करने का निर्देश दिया। बैठक में बीपीओ सोनू कुमार, रोजगार सेवक मनोज कुमार, अनुज कुमार रवि, छोटन बैठा, सत्येंद्र कुमार पासवान, रवीन्द्र राम, मानस कुमार, असलम अंसारी सहित कई लोग उपस्थित थे।

## गुजरात से अपहरणकर्ता गिरफ्तार



**मझिआंव :** बरडीहा थाना क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की को अपहरण के जुर्म में पुलिस ने एक युवक को गुजरात से गिरफ्तार कर जेल भेजा है। जानकारी के अनुसार गढ़वा जिला अंतर्गत नगर ऊंटारी थाना क्षेत्र के पिपरडीह गांव निवासी अलख राम के 21 वर्षीय पुत्र प्रमोद राम को गुजरात राज्य के बलसाड़ जिला से गिरफ्तार किया गया है। इस संबंध में जानकारी देते हुये थाना प्रभारी ऋषिकेश कुमार सिंह ने बताया कि थाना क्षेत्र से एक नाबालिग लड़की को अपहरण कर लिया गया था। जिसको लेकर परिजनों के द्वारा आवेदन दिया गया था। आवेदन के आलोक में थाना कांड संख्या 7/25 के अंतर्गत सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज किया गया और अपहरण कर्ता की खोजबीन जारी कर कर दी गयी।द्ध जानकारी के अनुसार अपहरणकर्ता का मालूम चला कि गुजरात राज्य के जिला बलसाड़ में लड़की को रखा है। इसके बाद केस के अनुसंधानकर्ता एसआई अनिल कुमार को पुलिस बल के साथ गुजरात भेजा गया और प्राथमिकी अभियुक्त प्रमोद राम उम्र 21 वर्ष पिता अलख राम को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## महिला ने जहर खाकर की आत्महत्या

**रमना :** प्रखंड की बुल्का पंचायत के अतियारी गांव निवासी मुनेशर परहिया की 22 वर्षीया पत्नी निर्मला देवी ने कीटनाशक खाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी के अनुसार घटना से पूर्व दोनों पति-पत्नी रमना बाजार आये थे। घर में आये मेहमान एवं अपनी पांच वर्षीया पुत्री के लिये कपड़ा भी रमना से खरीद कर घर गये थी। शाम में पति बगल के ही आजाद नगर गया हुआ था। इसी क्रम में पत्नी ने वीडिओ कॉलिंग कर पति को जहर के शीशी दिखाते हुये बोली की मैंने जहर पी ली है। इस सुचना के बाद पति आनन-फानन में घर पहुंचा एवं इलाज के लिये घर से निकला इसी क्रम में निर्मला ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। इस घटना की सूचना पाकर थाना प्रभारी आकाश कुमार ने शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण हेतु सदर अस्पताल गढ़वा भेज दिया। इस आत्महत्या का मुख्य कारण का पता भी नहीं चल पा रहा है। इस सम्बन्ध में थाना प्रभारी आकाश कुमार ने बताया कि मृतका के परिजन द्वारा अभी तक कोई आवेदन नहीं दिया गया। सूचनानुसार कानूनी कार्रवाई की जायेगी।

## राज्यपाल, मुख्यमंत्री व नेता प्रतिपक्ष ने जताया शोक

बंशीधर न्यूज





**रांची :** गढ़वा जिले के रंका प्रखंड के गोदरमाना में पटाखा दुकान में लगी भीषण आग में पांच लोगों की दर्दनाक मौत हो गई। इस घटना पर राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष एवं नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने गहरा शोक व्यक्त किया है। राज्यपाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा है कि गढ़वा जिले के रंका थाना क्षेत्र के गोदरमाना में पटाखा दुकान में आग लगने की घटना हृदयविदारक है। इसमें कई लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है। मैं शोक संतप्त परिवारों के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा है कि गढ़वा जिले के रंका प्रखंड में पटाखा दुकान में आग लगने से पांच लोगों की मृत्यु की दु:खद खबर मिली है। मरांग बुरु (सर्वोच्च देवता) दिवंगत लोगों की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दु:ख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दे। जिला प्रशासन की ओर से मामले की जांच की जा रही है। वहीं दूसरी ओर नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा है कि गढ़वा जिले के रंका थाना अंतर्गत गोदरमाना में पटाखा दुकान में आग लगने से पांच लोगों की मृत्यु की दुखद सूचना प्राप्त हुई। ईश्वर दिवंगत आत्माओं को शांति प्रदान करें एवं शोक संतप्त परिजनों को यह अपार दुख सहन करने की शक्ति दें। मरांडी ने कहा है कि जिला प्रशासन पीड़ित परिजनों को मुआवजा उपलब्ध कराये एवं पटाखा दुकानों को खुले स्थानों पर सभी मानकों के अनुरूप संचालित करने का दिशानिर्देश जारी करे।

## डीसी-एसपी ने पलाश हर्बल गुलाल बिक्री सह प्रदर्शनी का किया उद्घाटन

# 10 से 13 मार्च तक होगी हर्बल गुलाल की बिक्री

बंशीधर न्यूज



**गढ़वा :** समाहरणालय परिसर में जेएसएलपीएस गढ़वा की ओर से संचालित पलाश मार्ट में पलाश हर्बल गुलाल बिक्री-सह-प्रदर्शनी केंद्र का उद्घाटन किया गया। उदघाटन डीसी शेखर जमुआर एवं एसपी दीपक कुमार पाण्डेय ने किया। यह प्रदर्शनी-सह-बिक्री होली के अवसर पर 10 से 13 मार्च तक रहेगी। इस प्रदर्शनी में समूह के दीदी के द्वारा निर्मित पलाश हर्बल गुलाल एवं झारखंडी मिष्ठान को प्रस्तुत किया गया, जिसमे अरारोट, गेंदा फूल, हल्दी एवं पलाश फूल आदि का प्रयोग किया जा रहा है, जो इस होली के त्योहार को और भी रंगीन और सुरक्षित बनाता है। पलाश हर्बल गुलाल विभिन्न रंगों में उपलब्ध है। डीसी ने झारखंडी व्यंजन जैसे रागी का लड्डू, गुड़ का लड्डू, खजूर इत्यादि का स्वाद लेते हुये तथा पलाश हर्बल गुलाल की सराहना की। उस मौके पर उपरोक्त के अलावे जनसम्पर्क पदाधिकारी नीरज कुमार, डीपीएम जेएसएलपीएस विमलेश कुमार शुक्ला, सदर बीपीएम शिव उपाध्याय, नन फॉर्म से शेखर सत्य केतु, प्रखंड के स्टाफ एवं दीदी कैफे की दीदी सहित अन्य मुख्य रूप से उपस्थित थे।

# पांडू श्रीरामनवमी पूजा महासमिति की बैठक में पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय



## व्यास स्वामीनाथ व शिवशंकर यादव के बीच 7 अप्रैल को होगा गायन मुकाबला

बंशीधर न्यूज

**विश्रामपुर :** पांडू प्रखंड के कजरु कला स्थित श्रीराम जानकी विवाह मंडप में पांडू-विश्रामपुर पूर्वी क्षेत्र के करीब 40 गांवों के रामभक्तों की हुई बैठक में नई कमेटी का पुनर्गठन करते हुये इस वर्ष धूमधाम से पूजा मनाने का निर्णय लिया गया। महासमिति के संस्थापक अध्यक्ष सह वरीय भाजपा नेता धर्मदेव सिंह यादव की अध्यक्षता व सचिव जवाहर पासवान के संचालन में हुई बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा 30 मार्च को पहले की तरह इस बार भी 24 घंटे का अखंड कीर्तन कराने का निर्णय लिया गया। वहीं सात अप्रैल चैत्र पक्ष दशमी को पांडू-विश्रामपुर पूर्वी क्षेत्र के 40 गांवों के पूजा समिति के आये महावीरी झंडों का मिलान होगा। वहीं विशाल शोभा यात्रा व जुलूस भी निकाला जायेगा। जबकि रात में आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में चैता दुगोला का आयोजन किया गया है। जिसमें बिहार के चर्चित लोकगायक व्यास स्वामीनाथ व झारखंड धनबाद के व्यास शिवशंकर यादव के बीच गायन मुकाबला होगा। बैठक में मुख्य रूप से सत्यनारायण सिंह, अजय राम, बीरबल सिंह, डब्लू यादव, कृष्णा निराला, नंदकुमार शर्मा, यमुना भुईयां, मल्लेश्वर राम, राजेश्वर साहू, संजय पासवान, मुन्ना ठाकुर, महंत पंडितजी, रवींद्र गुप्ता, शिव पासवान, बिपिन चौधरी, सीता राम यादव, रामाशीष राम, उमेश पाल, टिंकू पाल, अरूण पासवान, जयकिशोर सिंह, पप्पू सिंह रामानंदन राम, मंदीप गुप्ता, सुदामा पासवान, मंदीप राम, प्रवेश पासवान, इंदल तिवारी, ललन ठाकुर, डॉ शिवपूजन यादव, सुनील बैठा, अशर्फी यादव समेत सैकड़ों लोग शामिल थे।

## न्यूज अपडेट्स

### शार्ट सर्किट से बोरा गोदाम में लगी आग

**छतरपुर :** नगर पंचायत क्षेत्र के एनएच 98 स्थित मसीहानी में चंदेव यादव के मकान में स्थित बोरा गोदाम में आग लग गयी। इससे गोदाम में रखे हजारों रुपये के बोरे जल कर राख हो गये। साथ ही आग लगने से पक्का का मकान भी क्षतिग्रस्त हो गया। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है। आग पर काबू पाने के लिये हुसैनाबाद से दमकल की गाड़ी मंगवाई गई, जिसने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने की सूचना पाकर छतरपुर सीओ मौके पर पहुंचे और मामले का जायजा लिया। वहीं छत्तरपुर थाने से एसआई राजीव कुमार मौके पर पहुंचे।

### अवैध शराब के खिलाफ हैदरनगर पुलिस का छाप

**हुसैनाबाद :** हैदरनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सरहु खिलपर अवैध देशी शराब के खिलाफ हैदरनगर पुलिस ने छापामारी अभियान चलाया। छापामारी के दौरान अवैध देशी शराब निर्माण के लिये विभिन्न गमलों में फुलाये गये जावा महुआ बरामद किया गया। इस संबंध में प्रशिक्षु आईपीएस सह हैदरनगर थाना प्रभारी दिव्यांश शुक्ला ने बताया कि बरामद जावा महुआ करीब तीन सौ किलो ग्राम को विनिष्ट कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि पलामू पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर होली पर्व के मद्देनजर अवैध शराब के खिलाफ लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि आगे भी अभियान जारी रहेगा। अभियान में प्रशिक्षु आईपीएस सह थाना प्रभारी हैदरनगर दिव्यांश शुक्ल के साथ पुअनि अफजल अंसारी व शास्त्र बल ने अवैध शराब निर्माण के लिए बनाई गई भट्ठी को भी ध्वस्त कर दिया है।

**रेहला** ▶ थाना परिसर में हुई शांति समिति की बैठक

# सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाएं होली

बंशीधर न्यूज



**रेहला :** थाना परिसर में सोमवार को होली व रमजान को लेकर हुई शांति समिति की बैठक में जुटे दोनों समुदाय के सैकड़ो गणमान्य लोगों ने पर्व के दौरान पूर्व से आ रही गंगा जमुनी तहजीब को आगे भी बरकरार रखने का संकल्प दुहराया। पर्व के दौरान गलत मैसेज फैलाने वालों पर कड़ी नजर रखने की बातें कही गई। वहीं क्षेत्र से मिली कोई भी वैसी सूचना को अविलंब पुलिस से शेयर करने को कहा गया। ताकि समय रहते समाज में किसी तरह फैली अफवाह से अशांति नहीं फैले। बैठक में शामिल सीओ राकेश तिवारी ने कहा कि पर्व का असली आनंद तभी मिलता है जब उसे खुशनुमा माहौल में मनाया जाय। उन्होंने सभी लोगों से शांतिपूर्ण ढंग से पर्व मनाने की अपील करते हुये एक दूसरे का सहयोग करने की अपील की। एसडीपीओ आलोक कुमार टूटी ने उपस्थित लोगों से सादगी व सौहार्दपूर्ण वातावरण में पर्व मनाने की अपील की। उन्होंने कहा कि पर्व के दौरान असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रहेगी। सौहार्द बिगाड़ने वालों को कभी बख्शा नहीं जायेगा। इंस्पेक्टर रामाशीष पासवान ने कहा कि होली और रमजान ऐसा पर्व है जिसमे सभी गिला शिकवा भूलकर लोग एक दूसरे को गले लगाते हैं। जिला पार्षद विजय रविदास, थाना प्रभारी संतोष कुमार ने बैठक में शामिल लोगों को भरोसा दिलाया कि पर्व के दौरान उन्हें सभी तरह का सहयोग करने के लिये पुलिस तत्पर है। उन्होंने लोगों से आपसी भाईचारगी के साथ पर्व मनाने की अपील की। ताकि पूर्व से बनी संस्कति आगे भी बरकरार है। संचालन पूर्व जिला परिषद सदस्य फिरोज खान ने किया। बैठक में सांसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय, बीस सूत्री अध्यक्ष रामचंद्र दीक्षित, रेहला रामनवमी पूजा समिति के अध्यक्ष आलोक शुक्ला, प्रो नंदलाल शुक्ला, शशिनाथ चौबे, बबन राम, डॉ बीपी शुक्ला, बीरेन्द्र चौबे, डॉ डीपी शुक्ला, गुलाम नबी, नजमुद्दीन नूरी, अमरेश तिवारी, युगल खान, संजय चौबे, संजू सिंह, मूखिया राधाकृष्ण साव, ओंकार सिंह, कृष्ण मुरारी सिंह, मजमुद्दीन अंसारी, पेंटर जिलानी, नवीन चौबे, सुनील पांडेय, संतोष गुप्ता सहित थाने के सभी अधिकारी व पुलिसकर्मी शामिल थे।

## धुरकी प्रखंड कार्यालय परिसर में किसान प्रदर्शनी सह मेले का आयोजन

बंशीधर न्यूज



**धुरकी :** प्रखंड कार्यालय परिसर में सोमवार को किसान प्रदर्शनी सह मेला का आयोजन किया गया। मेले का शुभारंभ प्रमुख शांति देवी एवं बीडीओ जुल्फिकार अंसारी ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। किसान प्रदर्शनी मेला में प्रखंड के दूर दराज गांव से किसानों ने अपनी अपनी फसल को लेकर किसान प्रदर्शनी मेला में एकत्रित हुये। वहीं आदिम जनजाति के तेजू कोरवा ने जंगल के कंद मूल लेकर किसान प्रदर्शनी मेला में उपस्थित हुये। कोरवा के लाये गये कंद मूल में गेठी खेखसा के जड़ जिसको तिखूर के नाम से प्रसिद्ध है। तेजू कोरवा के द्वारा अनोखी तरह के कंद मूल मेला में चर्चा का विषय बना रहा। प्रदर्शनी के उपरांत किसानों के खेती करने के लिये कई तरह के उपकरण देकर पुरस्कृत किया गया। उस मौके पर योगेंद्र नाथ उप परियोजना निदेशक, बीटीएम धनंजय कुमार सिंह, सत्येंद्र कुमार, मकबूल अंसारी, अमित कुमार मौर्य, राजेंद्र चौधरी, गिरिनाथ सिंह, भान सिंह, बिक्रम यादव, योगेंद्र यादव, नागेंद्र साह, आनंद गिरी, उपेंद्र कुमार यादव, रामजीवन यादव, अखिलेश यादव, धीरेंद्र यादव, शैलेश यादव, राजकुमार राम समेत कई लोग मौजूद थे।

## पुलिस लाईन में रक्तदान जागरुकता कार्यक्रम आयोजित



**मेदिनीनगर :** पुलिस लाईन में सर्जेन्ट मेजर की निगरानी में रेडक्रॉस द्वारा पुलिस जवानों के बीच रक्तदान जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संस्था के सचिव डॉ सत्यजीत गुप्ता ने बताया कि रक्तदान करने से ब्लड प्रेसर, हार्ट अटैक और कैंसर का खतरा कम होता है। साथ ही चेहरे पर चार्मिंग आती है। इसके अलावा किसी के जीवन बचाने की खुशी मिलती है। जिन व्यक्तियों को बुखार हो, विगत 6 माह के अंदर मेजर ऑपरेशन हुआ हो वे व्यक्ति रक्तदान नहीं कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि हर स्वस्थ्य व्यक्ति जिनका वजन 45 किलोग्राम से ऊपर है एवं हीमोग्लोबिन 11 से ऊपर है तथा जिनकी उम्र 18 से 60 साल है, वे रक्तदान कर सकते हैं। कार्यक्रम में रेडक्रॉस सचिव डॉ सत्यजीत गुप्ता के अलावे कोषाध्यक्ष सुधीर सिंह, आलोक वर्मा, उदय शंकर दुबे, जितेन्द्र सिंह, बृजेश शुक्ला, नवनीत कुमार, कोमल कुमार अंकु, संजु शुक्ला सदस्य उपस्थित थे।

## डीएवी मॉडल स्कूल में डेंटल कैंप




**गढ़वा :** वनांचल डेंटल कॉलेज फरठिया के हॉस्पिटल सुपरिटेंडेंट डॉ एके सिन्हा के नेतृत्व में डीएवी मॉडल स्कूल में डेंटल कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय के निदेशक सुशील केशरी एवं सभी चिकित्सक टीम ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान डॉ कुमारी सुविद्या, डॉ प्रीति हेम्ब्रम, डॉ मनोज कुमार वत्स, डॉ आरती, डॉ एलिजा जॉन डुंगडुंग ने विद्यालय के बच्चों की दांतों का चेकअप किया। साथ ही जरूरतमंद बच्चों को दवा, टूथपेस्ट उपलब्ध कराई। उन्होंने समस्याग्रस्त बच्चों को सही उपचार के लिये डेंटल कॉलेज गढ़वा में आमंत्रित किया। ताकि उनका समय पर सही उपचार हो सके। मौके पर विद्यालय के शिक्षक अंजनी कुमार सिंह, वीरेंद्र कुमार, तान्या कुमारी, कोमल केशरी, ओम प्रकाश शर्मा आदि लोग उपस्थित थे।

## होली मिलन समारोह आयोजित



**कांडी :** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित बाजार प्रांगण में सोमवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमुख नारायण यादव, पंचायत मुखिया विजय राम मुख्य रूप से उपस्थित थे। छतरपुर पलामू के लोकगायक भोला व्यास ने अपनी पूरी टीम के साथ कई होली गायन व पारम्परिक गीत प्रस्तुत कर लोगों की तालियां बटोरी। यह कार्यक्रम दोपहर से शुरू होकर देर रात तक चलता रहा। होली मिलन समारोह में मुख्य रूप से जिप पार्षद प्रतिनिधि दिनेश कुमार, उप मुखिया दिलीप कुमार, बीडीसी प्रतिनिधि अनूप कुमार, भाजपा मंडल अध्यक्ष शशि रंजन दुबे, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्य समिति सदस्य राम लाला दुबे, पूर्व मुखिया विनोद प्रसाद, विश्वनाथ प्रसाद, अशोक प्रसाद, सहेंद्र प्रसाद, राजद प्रखण्ड अध्यक्ष जगदीश यादव, कृष्णा बारी, विनोद मेहता, सत्येंद्र कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।

### छतरपुर के कई कार्यक्रम में शामिल हुए वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, कहा

# इफ्तार पार्टी प्रेम, सौहार्द व आपसी भाईचारे का प्रतीक

बंशीधर न्यूज



**मेदिनीनगर :** राज्य के वित्तमंत्री राधाकृष्ण किशोर देवगन धाम पहुंचे। उन्होंने कवउल में आयोजित श्री लक्ष्मीनारायण यज्ञ में भाग लिया। इसके बाद वे अपने समर्थकों के साथ मुनकेरी में समाजसेवी जहीर अंसारी के आवास पर आयोजित दावते इफ्तार पार्टी में शामिल हुये। जिसमें विभिन्न समुदायों के गणमान्य लोग, सामाजिक कार्यकर्ता, धार्मिक नेता और स्थानीय निवासी शामिल हुये। इफ्तार पार्टी के बाद राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि इस पवित्र महीना में सभी लोग रोजे रखते हैं और खूब इबादत करते हैं। इफ्तार पार्टी केवल एक धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि यह प्रेम, सौहार्द और आपसी भाईचारे का प्रतीक है। इस तरह के आयोजन समाज को जोड़ने और आपसी समझ को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम की शुरूआत कुरआन की आयतों की तिलावत से हुई। उन्होंने कहा कि इफ्तार केवल भोजन साझा करने का अवसर नहीं है, बल्कि यह हमें धैर्य, सहिष्णुता और दानशीलता का पाठ पढ़ाता है। कार्यक्रम का समापन दुआ के साथ हुआ, जिसमें देश की खुशहाली और समाज में शांति व भाईचारे की प्रार्थना की गई। इफ्तार के बाद उन्होंने अलीपुर पहाड़ पर बने मस्जिद के पास पहुंचकर आम लोगों से मुलाकात की। मौके पर समाजसेवी राजकमल तिवारी, ईश्वरी पांडेय, राजेंद्र पांडेय, संटू सिंह, मोहन जायसवाल, हरेंद्र सिंह, अशोक सोनी, सरताज अहमद खान, शाहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# मुर्गी फार्म में आग लगने से साढ़े पांच लाख रुपये की संपति जलकर खाक



**रमना :** थाना क्षेत्र के मड़वनिया गांव निवासी मुकेश मेहता के मुर्गी फार्म में अचानक आग लग जाने से लगभग साढ़े पांच लाख रुपये की संपति जलकर खाक हो गई है। घटना सोमवार दोपहर की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार मुकेश मेहता मुर्गियों को दाना दे रहे थे। उसी वक्त हुये शॉट सर्किट के कारण एलटी तार टूटकर मुर्गी फार्म पर जा गिरा। जब तक बिजली काटी जाती तब तक मुर्गी फार्म और उसमे मौजूद तेरह सौ मुर्गी का चुजा पूरी तरह जलकर खाक हो चुका था। इस दौरान मुर्गी फार्म में मौजूद मुकेश मेहता अपनी पत्नी चंदा देवी और दुधमुहा बच्चा युवान के साथ जन बचाकर भागने में सफल रहे। आगलगी की इस घटना में मुर्गी फार्म और उसमे मौजूद तेरह सौ चुजा के अलावा मुर्गी का दाना, समरसेबल, सोलर प्लेट, बैट्री सहित अन्य रोजमर्रा की चीजे जलकर खाक हो गई है। पीड़ित मुर्गी पालक के अनुसार इस घटना में उन्हें पांच लाख रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ है।




## सुपरस्टार रजनीकांत ने कुली की शूटिंग खत्म करने के 10 दिन बाद ही जेलर 2 की शूटिंग शुरू की

**चेन्नई।** सुपरस्टार रजनीकांत ने अपनी आगामी फिल्म कुली की शूटिंग खत्म करने के 10 दिन बाद ही बहुप्रतीक्षित फिल्म जेलर 2 की शूटिंग शुरू कर दी है। अपने अथक परिश्रम के लिए मशहूर थलाइवर ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि उम्र सिर्फ एक संख्या है।

बता दें कि 72 साल की उम्र में भी रजनीकांत भारतीय सिनेमा के सबसे व्यस्त और सबसे ज्यादा पसंद किए जाने वाले अभिनेताओं में से एक हैं। नेल्सन दिलीपकुमार द्वारा निर्देशित जेलर 2, 2023 की ब्लॉकबस्टर हिट जेलर एक कड़ी है। सूत्रों के अनुसार, यह फिल्म एक्शन से भरपूर मनोरंजक होने का वादा करती है जिसमें रजनीकांत मुथुवेल पांडियन की भूमिका में फिर से नजर आएंगे। जेलर 2 की शूटिंग फिलहाल चेन्नई में चल रही है, जिसमें फिल्म के कलाकार और क्रू इस बहुप्रतीक्षित प्रोजेक्ट को जीवंत करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं।

## काजोल की नई फिल्म 'मां' का ऐलान, शेयर किया पोस्टर



बॉलीवुड की प्रसिद्ध अभिनेत्री काजोल ने 1992 में फिल्म 'बेखुदी' से अपने करियर की शुरूआत की। काजोल ने फिल्म जगत में अपने लिए एक अलग स्थान बना लिया है। उन्होंने अपने फिल्मी करियर में एक से बढ़कर एक सुपरहिट फिल्में दी हैं। फिल्म 'दो पत्ती' बाद काजोल जल्द ही एक नए किरदार में नजर आएंगी। इस फिल्म का नाम 'मां' है। इस फिल्म को लेकर पिछले कुछ दिनों से चर्चा चल रही है। हाल ही में फिल्म 'मां' का पहला पोस्टर सोशल मीडिया पर शेयर किया गया। अब काजोल एक बार फिर बड़े पर्दे पर दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर नई फिल्म का पोस्टर शेयर किया है। इस फिल्म में उनके साथ बाल कलाकार खिरीन शर्मा भी स्क्रीन शेयर करती नजर आएंगी। फिल्म का निर्देशन विशाल पुरीया ने किया है और यह 27 जून 2024 को रिलीज होगी। पोस्टर में अभिनेत्री का बोल्ड लुक देखने को मिल रहा है और यह फिल्म दर्शकों के लिए एक मनोरंजक फिल्म साबित होगी। ₹शैतान ने दस्तक दे दी है और अब मां जवाब देगी...₹ यह फिल्म की टैगलाइन है। इसलिए इस फिल्म को लेकर फैंस में उत्सुकता बढ़ गई है। इस बीच फैंस ने काजोल की पोस्ट पर कमेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। काजोल इससे पहले फिल्म 'दो पत्ती' में नजर आई थीं। इस फिल्म में उन्होंने एक महिला पुलिस कांस्टेबल की भूमिका निभाई थी। काजोल ने अब तक अलग-अलग भूमिकाएं निभाकर दर्शकों का मनोरंजन किया है।

**बिहार विधानसभा के बजट सत्र के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार**



# झारखंड विधानसभा में सरयू राय और मंत्री के बीच तीखी नोकझोंक

### विधि-व्यवस्था पर गरमाई बहस

**रांची।** झारखंड विधानसभा के बजट सत्र के दसवें दिन सोमवार को जदयू विधायक सरयू राय ने जमशेदपुर को औद्योगिक नगरी बनाने की अधिसूचना को नियम विरुद्ध बताते हुए इसे रद्द करने की मांग उठाई। उन्होंने सरकार की प्रक्रिया पर सवाल खड़े किए।

इस पर नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने संवैधानिक प्रक्रिया का हवाला देते हुए जवाब दिया। सरयू राय ने नगरपालिका अधिनियम का उल्लेख करते हुए कहा कि उपायुक्त ही इस कमिटी की अध्यक्षता करेंगे, जबकि मंत्री ने जवाब दिया कि अधिनियम के अनुसार प्रभारी मंत्री या उपायुक्त, दोनों में से कोई भी कमिटी में रह सकता है।

दोनों नेताओं के बीच बहस बढ़ती गई, जिसमें संविधान, राज्य सरकार की नीतियों और नगरपालिका अधिनियम के प्रावधानों का उल्लेख किया गया। स्पीकर रवींद्र नाथ महतो ने सरयू राय से आग्रह किया कि वह मंत्री के साथ चैम्बर में बैठकर समाधान निकालें, लेकिन सरयू राय ने इसे ठुकराते हुए कहा कि अगर ऐसा करना है तो फिर सदन की क्या जरूरत? इस पर स्पीकर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि सदन, सरकार और मंत्रिमंडल पर आप ही आरोप लगाते हैं!



### विधि-व्यवस्था पर गरमाया सदन

झारखंड विधानसभा में शून्यकाल की कार्यवाही शुरू होते ही सूचना के तहत भाजपा विधायक सीपी सिंह ने विधि व्यवस्था का मामला उठाया। डीजीपी को निशाने पर लिया। सिंह ने कहा कि लोगों का यहां जीना मुश्किल हो गया है। सरकार के कानों पर जू तक नहीं रेंग रही। यहां का डीजीपी जिम्मेदार नहीं है। वह कहते हैं कि जो भी घटनाएं हो रही हैं, उसकी प्लानिंग जेल से हो रही है। क्या जेल झारखंड से बाहर है? अगर प्लानिंग जेल से हो रही है तो फिर उद्भेदन क्यों नहीं किया जा रहा। रिमांड पर लेकर पूछताछ करनी चाहिए। किसी का जीवन सुरक्षित नहीं। चाहे विधायक हों, मंत्री हो या फिर जनता। इस पर सरकार को जवाब देना चाहिए।

वहीं दूसरी ओर सोमवार को ही विधानसभा परिसर में डीजीपी अनुराग गुप्ता ने मीडिया से बात करते कहा था कि जेल के अंदर बंद अपराधियों से सभी अपराध के तार जुड़े हैं। कुछ अपराधियों का जेल ट्रांसफर भी किया गया। उन्होंने गैंगस्टर विकास तिवारी, अमन साहू और अमन श्रीवास्तव का नाम लेकर भरोसा दिलाया कि जल्द ही मामले का खुलासा कर लिया जाएगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले कुछ दिनों में एक के बाद एक तीन बड़ी आपराधिक घटनाएं हुई हैं। हजारीबाग में एनटीपीसी के डीजीएम कुमार गौरव की हत्या मामले में पुलिस के हाथ अब तक खाली हैं। इस घटना के बाद पुलिस सवालों के घेरे में है। हालांकि रांची के आश्रम में हुए डबल मर्डर केस (एक साधु और एक ड्राइवर) मामले में चार लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है। रांची में कोयला कारोबारी पर जानलेवा हमला मामले में डीजीपी कह चुके हैं कि अपराधियों की पहचान हो गई है। एसआईटी पूरे मामले की जांच कर रही है।

## 33 लाख रुपये, मंतूराम केस की पेनड्राइव और कुछ दस्तावेज ले गई ईडी की टीम

**दुर्ग/रायपुर।** छत्तीसगढ़ के पूर्व



मुख्यमंत्री और कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव भूपेश बघेल के भिलाई के पदुमनगर स्थित घर पर सोमवार को चार गाड़ियों में पहुंची ईडी ने छापेमारी की। यह जांच करीब 11 घंटे तक चली। टीम के जाने के बाद भूपेश बघेल ने कहा कि 33 लाख रुपये और दस्तावेज ईडी की टीम ले गई है। इसमें मंतूराम केस की पेनड्राइव भी है। भूपेश ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बौखला गई है और बौखलाहट में ईडी भेजी है। जबरन कार्रवाई की जा रही है। यह सब एक षड्यंत्र का नतीजा है। भिलाई में ईडी की जांच के बीच 11 घंटे की पूछताछ के बाद पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल घर से बाहर निकले और कांग्रेसी नेताओं व समर्थकों से मुलाकात की। इस दौरान कार्यकर्ता भूपेश बघेल जिंदाबाद के नारे लगाते रहे। दोपहर के वक्त आज ईडी की टीम ने घर के भीतर नोट गिनने वाली मशीन मंगाई थी। करीब एक घंटे के बाद नोट गिनने वाली मशीन को वापस भेज दिया गया। पूर्व मुख्यमंत्री बघेल ने कहा कि दबाव में आकर ईडी ने ये कार्रवाई की है, जिस केस में कोर्ट ने उनको बरी कर दिया है उसी को लेकर ये लोग बौखलाए हुए हैं। हमें फंसाने की कोशिश साजिश कर रहे हैं। भूपेश ने भाजपा आरोप लगाते हुए कहा कि उनको जबरन ट्रैप किया जा रहा है, परेशान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी बौखला गई है और बौखलाहट में ईडी भेजी है। इसमें कांग्रेस के नेताओं को परेशान किया जा रहा है। प्रताड़ित किया जा रहा है। ईडी टीम बिना सर्च वारंट के आए थे। उन्हें 7 साल पुराने मामले में क्लीन चिट मिली है।

**Hit लिस्ट**

### लोकसभा से बिल ऑफ लैडिंग विधेयक ध्वनिमत से पारित

**नई दिल्ली।** लोकसभा ने सोमवार को बिल ऑफ लैडिंग विधेयक को ध्वनिमत से पारित कर दिया। इसका उद्देश्य बिल ऑफ लैडिंग या लदान पत्र जारी करने के लिए कानूनी



ढांचा प्रदान करना है। लैडिंग बिल मालवाहक की ओर से शिपर (माल भेजने वाले) को जारी किया जाता है। इसमें ले जाए जा रहे माल के प्रकार, मात्रा, स्थिति और गंतव्य जैसे विवरण शामिल होते हैं। विधेयक कानून बनने पर ब्रिटिश काल में बने भारतीय लैडिंग अधिनियम, 1856 को प्रतिस्थापित करेगा। विधेयक पर दिनभर चली चर्चा का जवाब देते हुए बंदरगाह एवं जहाजरानी मंत्री सबानंद सोनोवाल ने बताया कि लदान पत्र एक अनुबंध का साक्ष्य है और एक कानूनी दस्तावेज है। यह वास्तव में कोई अनुबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के विकास के विजन के साथ जनता मिलकर काम कर रही है। प्रधानमंत्री मोदी ने नेतृत्व में आज सरकार स्वतंत्र भारत की कानून व्यवस्था लागू कर रही। विधेयक 160 साल पुराने कानून का स्थान लेगा। उन्होंने कहा कि इसे मालवाहक और माल भेजने वालों के साथ व्यापक चर्चा और कानून के जानकारों से विमर्श के बाद लाया गया है।

### रेलवे (संशोधन) विधेयक, 2024 को मिली संसद की मंजूरी

**नई दिल्ली।** राज्यसभा ने सोमवार को रेलवे (संशोधन) विधेयक,



2024 ध्वनिमत से पारित कर दिया। लोकसभा पिछले साल दिसंबर में इसे पारित कर चुकी है। इसके साथ ही विधेयक को संसद की मंजूरी मिल गई। विधेयक का उद्देश्य रेलवे बोर्ड और रेलवे से जुड़े विधेयकों को एकीकृत करना है। विधेयक 1905 के रेलवे बोर्ड अधिनियम और 1989 के रेलवे विधेयक को एकीकृत करेगा। उल्लेखनीय है कि भारतीय रेलवे बोर्ड अधिनियम, 1905 के तहत केंद्र सरकार रेलवे के संबंध में अपनी शक्तियों और कार्यों को रेलवे बोर्ड में निवेश कर सकती है।

**भारत को चार आईसीसी ट्रॉफी फाइनल में पहुंचाने और दो खिताब जिताने वाले दिग्गज बल्लेबाज ने की घोषणा**

# रोहित शर्मा ने संन्यास की अटकलों को किया खारिज, कहा-मैं संन्यास नहीं लेने वाला

**दुबई।** दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में रविवार रात भारत द्वारा न्यूजीलैंड को हराकर चैंपियंस ट्रॉफी फाइनल जीतने के बाद कप्तान रोहित शर्मा ने अपने करियर को लेकर चल रही अटकलों पर विराम लगा दिया। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा, मैं संन्यास नहीं लेने वाला।

रोहित ने इस विषय पर खुद पहल करते हुए कहा, एक और बात। मैं इस प्रारूप से संन्यास नहीं लेने वाला, ताकि आगे कोई अफवाह न फैले। भारत को चार आईसीसी ट्रॉफी फाइनल में पहुंचाने और दो खिताब जिताने वाले इस दिग्गज बल्लेबाज ने यह घोषणा आत्मविश्वास के साथ की। यह बयान उन्होंने किसी सवाल के जवाब में नहीं,




बल्कि एक स्पष्ट घोषणा के रूप में दिया। फाइनल के बाद पारंपरिक मीडिया कॉन्फ्रेंस के बाद, उन्होंने खुद इस विषय पर अपनी स्थिति स्पष्ट की और यह सुनिश्चित किया कि उनके भविष्य को लेकर कोई गलतफहमी न हो।

प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक सवाल के जवाब में उन्होंने हिंदी में कहा, फ्यूचर प्लान? कोई फ्यूचर प्लान नहीं है। जो चल रहा है, वही चलता रहेगा। उनके इस बयान से यह स्पष्ट संकेत मिला कि उनमें अभी भी क्रिकेट के लिए जबरदस्त जोश और भूख बनी हुई है।

चैंपियंस ट्रॉफी में रोहित शर्मा का प्रदर्शन शानदार रहा, जहां उन्होंने 180 रन बनाए और इसी दौरान अपने 11,000 अंतरराष्ट्रीय वनडे रन भी पूरे किए। 273 वनडे मैचों में उन्होंने 48.76 की औसत से 11,168 रन बनाए हैं, जिसमें 32 शतक शामिल हैं, जिनमें से तीन दोहरे शतक हैं।

इस टूर्नामेंट के दौरान रोहित के संन्यास को लेकर लगातार चर्चाएं हो रही थीं, खासकर क्योंकि उन्होंने पिछले साल जून में बारबाडोस में टी20 विश्व कप जीतने के बाद टी20 प्रारूप से संन्यास लेने की घोषणा कर दी थी।

रोहित के अलावा विराट कोहली को लेकर भी ऐसी अटकलें थीं कि वे भी संन्यास की घोषणा कर सकते हैं। हालांकि, कोहली ने इस टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन किया और पांच मैचों में 218 रन बनाए, जिसमें एक शतक भी शामिल है। रोहित की तरह, कोहली ने भी बारबाडोस में टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट को अलविदा कह दिया था।

प्रभात टुडे नेटवर्क के लिए राधेरमण चौबे द्वारा गुलाब मेमोरियल मार्केट श्री बंशीधर नगर गढ़वा झारखंड से प्रकाशित, प्रधान संपादक-धीरेन्द्र चौबे, संपादक-धर्मेन्द्र कुमार चौबे* फोन : 9471737671, web-www.banshidharnews.com-Email-prabhatodaynetwork@gmail.com, *समाचारों के चयन के लिए पी.आर.बी एक्ट के तहत जिम्मेदार (सभी वादों का निपटारा नगर ऊंटारी अनुमंडलीय न्यायालय के अधीन होगा)